TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

13 अगस्त 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जो आपके सामने दूसरों की निंदा करते हैं वो दूसरों के सामने आपकी निंदा जरूर करेंगे।

**एडगर एलन पो**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

T u e s d a y

## 13 अगस्त

1. **इंटरनेशनल लेफ्ट हैण्डर्स डे–** लेफ्ट हैण्डर्स होना आनुवांशिक या फिर मस्तिष्क की बनावट पर निर्भर करता है। जिस व्यक्ति के मस्तिष्क का दाहिना गोलार्द्ध ज्यादा सक्रिय होता है वे प्रायः लेफ्ट हैण्डर्स होते हैं। दुनिया के लगभग 10 प्रतिशत लोग लेफ्ट हैण्डर्स होते हैं। लेफ्ट हैण्डर्स की सूची में बराक ओबामा, बिल क्लिंटन, सचिन तेंदुलकर, डेविड कैमरून, बिल गेट्स, स्टीव जॉब्स भी शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लेफ्ट हैण्डर्स डे प्रतिवर्ष 13 अगस्त को वर्ष 1976 से मनाया जाता रहा है।

2. **भीखाजी कामा का निधन–** श्री मती भीखाजी रूस्तम कामा विदेश में पहली बार भारत का झंडा फहराने के लिए जानी जाती हैं। 46 वर्ष की उम्र में एक पारसी महिला भीखाजी कामा ने जर्मनी में स्टुटगार्ट में हुई दूसरी 'इंटरनेशनल सोशलिस्ट कांग्रेस' में यह झंडा फहराया था। ये भारत की आजादी के दौरान बनायी गयी कई अनौपचारिक झंडों में से एक था। भीखाजी कामा द्वारा फहराये गये इस झंडे में तीन रंग थे। सबसे ऊपर की हरी पट्टी पर आठ कमल के फूल थे जो भारत के आठ प्रांतों को दर्शाते थे। बीच की पीली पट्टी पर 'वन्दे मातरम्' लिखा था और सबसे नीचे की लाल पट्टी पर एक सूरज और एक चाँद बना था जो कि हिन्दु धर्म और इस्लाम धर्म का प्रतीक था। उन्होंने जेनेवा से 'वंदे मातरम्' नाम का क्रांतिकारी पत्रिका भी छापना शुरू किया। भीखाजी कामा का निधन 13 अगस्त, 1936 ई. को बम्बई में हुआ था।

3. **अहिल्याबाई होल्कर का निधन–** मालवा साम्राज्य की महारानी अहिल्या बाई होल्कर ने भारत भर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थानों में मंदिर बनवाए, कुएं–बावड़ी का निर्माण करवाया, मार्ग बनवाए–मरम्मत करवाया, भूखों के लिए भोजन और प्यासों के लिए प्याऊ का व्यवस्था करवाया। उन्होंने 1787 ई. में गया में अवस्थित विष्णुपद मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया था। उनका देहांत 13 अगस्त, 1795 ई. को हुआ था।

4. **विश्व अंगदान दिवस–** मानव अपनी मृत्यु के बाद कई महत्त्वपूर्ण अंगों जैसे आँख, हृदय, किडनी, यकृत को दूसरे जरूरतमंद व्यक्तियों को दान कर सकता है। इससे जरूरतमंद के जीवन की रक्षा की जा सकती है। 13 अगस्त को प्रतिवर्ष विश्व अंगदान दिवस के रूप में मना कर लोगों को अंगदान के लिए जागरूक करते हैं।

5. **स्टेनलेस स्टील का आविष्कार–** 13 अगस्त 1871ई. को इंग्लैंड के ब्रेअली शेफीसेड ने गलती से स्टील का अविष्कार कर दिया था। वास्तव में वे एक बंदूक की गोली के लिए कुछ ऐसा धातु बनाना चाह रहे थे जो पानी से खराब न हो, लेकिन उन्होंने ऐसा अविष्कार कर दिया जो कि किसी रसायन से खराब नहीं होता। पहले इसे रस्टलेस स्टील नाम दिया गया था। स्टेनलेस स्टील में 15–20 प्रतिशत क्रोमियम, 8–10 प्रतिशत निकेल तथा शेष इस्पात होता है।

# दिवस विशेष

13 अगस्त

मधु प्रिया

# विश्व अंगदान दिवस 13 अगस्त




आधुनिक चिकित्सा पद्धति की वजह से अंगों को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में प्रत्यारोपित करना संभव बना दिया है और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाता है। पहला सफल अंग प्रत्यारोपण 1954 में संयुक्त राज्य अमेरिका में किया गया था।डॉक्टर जोसेफ मरे ने 1990 में जुड़वा भाइयों डोनाल्ड और रिचर्ड हेरिक के बीच किडनी प्रत्यारोपण को सफलतापूर्वक करने के लिए फिजियोलॉजी और मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार जीता। अब देश और दुनिया में अंग प्रत्यारोपण बढ़ गए हैं लोग अंग डोनेट भी कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है। अंगदान जीवन का सबसे बड़ा महापुण्य है, इससे दूसरे लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है। यह दिवस लिए मनाया जाता है ताकि लोगों में अंगदान करने के प्रति जागरूकता फैले। जिस व्यक्ति के ब्रेन को डेड घोषित कर देते हैं, उनका अंगदान किया जा सकता है। यह व्यक्ति किसी भी उम्र का हो सकता है जन्म से लेकर 65 साल तक के व्यक्ति के अंगों को डोनेट किया जा सकता है। जिन व्यक्ति का ब्रेन डेड हो जाता है उसकी बचने की संभावना नहीं के बराबर होती है, उनके अंगों का दान किया जा सकता है। अंगों में हृदय, हृदय वाल्व, फेफड़े, किडनी, लीवर अस्थिंया, कार्निया,आंख की पुतली,आंत, अस्थि ऊतक, नसें, त्वचा,खून की नलियां इत्यादि दान किए जा सकते हैं। दान किए गए लिवर को 6 घंटे में ट्रांसप्लांट कर देना चाहिए, किडनी को 12 घंटे तक, पेनक्रियाज को 24 घंटे के भीतर दिल को 4 घंटे के भीतर दूसरे व्यक्ति में प्लांट कर देना चाहिए। नेचुरल मौत पर हृदय के वाल्व, हड्डी, नसें, त्वचा और कार्निया दान कर सकते हैं। डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोगी भी अंगदान कर सकते हैं लेकिन डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। 18 साल के कम उम्र वालों के अंगदान करने के लिए मां-बाप की अनुमति जरूरी है।

# पुण्यतिथि विशेष 13 अगस्त

राकेश कुमार



"मां ही दुनिया की पहली नर्स है"

विचार की वाहक
विश्व की पहली नर्स
''द लेडी विद द लैंप''
के नाम से प्रसिद्ध मिस

## फ्लोरेंस नाइटिंगेल

**फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल** *Florence Nightingale*, जन्म- 12 मई, 1820; मृत्यु- 13 अगस्त, 1910) 'आधुनिक नर्सिंग आन्दोलन की जन्मदाता' मानी जाती हैं। प्रेम, दया व सेवा-भावना की प्रतिमूर्ति फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल "द लेडी विद द लैंप" (दीपक वाली महिला) के नाम से प्रसिद्ध हैं। हर वर्ष 12 मई को फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल की जयंती पर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का आयोजन किया जाता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 13.08.2024

## संज्ञानात्मक मनोविज्ञान

संज्ञानात्मक मनोविज्ञान मानता है कि एक आंतरिक प्रक्रिया होती है जो तब होती है जब कोई उत्तेजना होती है और जब आप उस पर प्रतिक्रिया करते हैं। इन प्रक्रियाओं को मध्यस्थता प्रक्रियाएँ कहा जाता है और इसमें स्मृति, धारणा, ध्यान, समस्या-समाधान या अन्य प्रक्रियाएँ शामिल हो सकती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



हवाई जहाज की खिड़कियों में जो छोटा सा छेद आप देखते हैं उसे "ब्लीड होल" के नाम से जाना जाता है, और यह हवा के दबाव को नियंत्रित करता है।

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB
# खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## ओलम्पिक से

**26 जुलाई से 11 अगस्त**

पेरिस ( फ्रांस )

# भारत के मेडलवीर



नीरज चोपड़ा
सिल्वर



मनु-सरबजोत
ब्रॉन्ज



स्वप्निल कुसाले
ब्रॉन्ज



अमन सहरावत
ब्रॉन्ज



मनु भाकर
ब्रॉन्ज



हरमनप्रीत सिंह
ब्रॉन्ज (हॉकी)

# TOB बूझो तो जानें..



449

छोटा सा है उसका पेट, लेता सारा जगत समेत, चार अक्षर का उसका नाम, कहानी कविता भी करता हमको भेंट ... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

13 अगस्त

# विश्व अंगदान दिवस




# विश्व अंगदान दिवस

पर आइए महादान का संकल्प लें और दूसरों को भी जागरूक करें

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari




# विश्व अंगदान दिवस

अंगदान के महत्व के लिए जागरुकता फैलाये और अंगदान से जुड़े गलतफहमियों के प्रति लोगों को जागरुक करे।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

13 अगस्त



भारत का प्रथम तिरंगा राष्ट्रध्वज
फहराने वाली महान स्वतंत्रता सेनानी

# भीखाजी कामा

की पुण्यतिथि पर उन्हें शत्-शत् नमन

24 सितंबर 1861 - 13 अगस्त 1936

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

### विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर

# स्वतंत्रता दिवस विशेष फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2024



**थीम: भारत की आज़ादी और उसकी विरासत**

**प्रतियोगिता की अवधि:**
**12 अगस्त से 19 अगस्त, 2024**



प्रतियोगिता की श्रेणियाँ:

- 1. छात्र वर्ग: सभी आयु वर्ग के छात्र
- 2. शिक्षक वर्ग: सभी विषयों के शिक्षक



**अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए गए वेबसाइट को विजिट करें**

www.teachersofbihar.org

क्यूआर कोड को स्कैन कर जानकारी प्राप्त करें

# स्वतंत्रता दिवस पर रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता



- **पद्य पंकज**
- **गद्य गुंजन**
- **ब्लॉग्स**

पद्य पंकज: इस श्रेणी में कविता, गीत, छंद आदि जैसी पद्य रचनाएँ शामिल होंगी।
गद्य गुँजन: इस श्रेणी में निबंध, कहानी, आलेख आदि जैसी गद्य रचनाएँ शामिल होंगी।
ब्लॉग: इस श्रेणी में स्वतंत्रता दिवस के संदर्भ में ब्लॉग/ आलेख पोस्ट सम्मिलित किए जा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें

Website:
www.teachersofbihar.org

प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए प्रतिभागी "टीचर्स ऑफ बिहार" की आधिकारिक वेबसाइट या ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं।

ईमेल: teachersofbihar@gmail.com
संपर्क सूत्र: 8298720254, 9650233010

क्यूआर कोड स्कैन करें और जानकारी प्राप्त करें